well as Centres of Excellence/ Advanced Studies and through them enhanced opportunities for challenging scientific projects to attract our Science and Technology personnel.

— Creation of a Special Cell in the Ministry of Industry for assisting non-resident Indians for setting up of industrial units in this country. Some states have also set up special cells and departments for this.

— Provision for temporary placement under the Scientists Pool Scheme.

— Invitation to distinguished professional men and women of Indian origin settled abroad for short term technical assignments to assist in frontier and emerging areas of Science and Technology.

— Science and Technology based training for enterpreneurial development.

— Delegation of enhanced administrative and financial powers to Science and Technology institutions to improve working conditions of scientists.

— Provision of facilities for import of equipment for professonals returning from abroad.

— Manpower development training/retraining programmes through associateships/fellowships/courses.

दूरदर्शन धारावाहिकों को स्वीकृति प्रदान किया जाना

1460. **श्री राम सिंह राठवा :** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले दो वर्षों के दौरान स्वीकृति प्रदान किए जाने हेतु कितने दूरदर्शन धारावाहिक प्राप्त हुए हैं;

(ख) कितने धारावाहिकों को स्वीकृति दी गई है; और

(ग) धारावाहिकों को स्वीकृति प्रदान करने के लिए किन-किन मापदण्डों का अनुसरण किया जाता है ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में उप मंत्री (कुमारी गिरिजा व्यास) : (क) और (ख) विभिन्न स्कीमों के अधीन, दूरदर्शन धारावाहिकों के प्रस्ताव, संबंधित केन्द्र से प्रसारण के लिए, विभिन्न केन्द्रों में प्राप्त किए जाते हैं और उनका अनुमोदन किया जाता है। अतः केन्द्रीय स्तर पर अनुमोदित और प्रसारित धारावाहिकों की कोई समेकित सूची नहीं रखी जाती।

(ग) धारावाहिकों के चयन के लिए सामान्य मानक इस प्रकार हैं :—

1. कहानी और वर्तमान में उसकी प्रासंगिकता

2. विषय प्रतिपादन

3. तकनीकी दल की समग्र सक्षमता और

4. दूरदर्शन की कार्यक्रम अपेक्षाओं के अनुरूप प्रासंगिकता

लोक शिकायत विभाग के उद्देश्य

1461. **श्री राम सिंह राठवा :** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्तमान में लोक शिकायत विभाग के उद्देश्य क्या क्या हैं तथा उन्हें कहां तक प्राप्त किया गया है; और

(ख) पिछले तीन वर्षों में उक्त विभाग को कितनी लोक शिकायतें प्राप्त हुई तथा उनमें से कितने का निपटारा किया गया है ?